निर्विकल्प अनुभव रूप आत्मविद्या को साध नहीं सकता, उसी प्रकार मन्त्र के सन्देह में झूलता हुआ वह माली मन्त्र सिद्ध नहीं कर सका।

इतने में अंजन चोर भागते-भागते वहाँ पहुँचा। माली को ऐसी विचित्र क्रिया करते हुए देखकर उसने पूछा– "अरे भाई ! ऐसी अन्धेरी रात में तुम यह क्या कर रहे हो?"

सोमदत्त माली ने उसे सब बात बताई, उसे सुनते ही अंजन चोर का पंच णमोकार मन्त्र पर परम विश्वास बैठ गया। उसने माली से कहा– "लाओ, मैं इस मन्त्र को सिद्ध करता हूँ।"

ऐसा कहकर श्रद्धापूर्वक मन्त्र बोल कर निःशंकपने सींके की रस्सी उसने काट दी........। अहो आश्चर्य! नीचे गिरने के पहले ही देव-देवियों ने उसे ऊपर ही झेल लिया........ और कहा– "मन्त्र के ऊपर तुम्हारी निःशंक श्रद्धा से तुम्हें आकाशगामिनी विद्या सिद्ध हो गई है, उसकी वजह से आकाशमार्ग से तुम्हें जहाँ भी जाना हो, जा सकते हो।"

तब से अंजनचोर चोरी करना छोड़ कर जैनधर्म का परम भक्त बन गया, वह कहने लगा– "जिनदत्त सेठ के प्रताप से मुझे यह विद्या प्राप्त हुई है। जिस प्रकार वे भगवान के दर्शन करने के लिए जहाँ जाते हैं, वहाँ जाने की मेरी इच्छा हुई है और वहाँ जाकर वे जो करते हैं, वैसा ही करने की मेरी इच्छा है।"

**[भाईयो, यहाँ यह बात विशेष ख्याल में लेना है कि अंजन चोर को आकाशगामिनी विद्या सिद्ध हुई तो उसे चोरी का धन्धा करने के लिए उस विद्या का उपयोग करने की दुर्बुद्धि नहीं हुई, परन्तु जिनबिम्बों के दर्शन इत्यादि धर्मकार्य में उसका उपयोग करने की सद्बुद्धि सूझी। यह बात उसके परिणाम पलटने की सूचना देते हैं और इसप्रकार धर्मरुचि के बल से आगे चल कर वह सम्यग्दर्शन पा सकता है।]**

विद्या सिद्ध होने पर अंजन ने विचार किया– "अहो ! जिस

अभिमान चूर-चूर हो गया । सती के पुण्य-प्रताप (शील-प्रताप) से वनदेवी वहाँ प्रगट हुई और दुष्ट राजा को फटकारते हुए कहने लगी— "खबरदार.....! भूलकर भी इस सती को हाथ लगाना नहीं ।"

सिंह राजा तो वनदेवी को देख कर ही पत्थर जैसा हो गया, उसका हृदय भय से काँपने लगा । उसने क्षमा माँगी और तुरन्त ही सेवक को बुलाकर अनन्तमती को सम्मान पूर्वक वन में छोड़ कर आने को कहा ।


ऐसे अनजान वन में कहाँ जाऊँ? इसका अनन्तमती को कुछ पता नहीं था । इतने सारे अत्याचार होने पर भी अपने शील धर्म की रक्षा हुई, इसलिए सन्तोष पूर्वक घने वन में भी वह पंच परमेष्ठी का स्मरण करते हुए आगे बढ़ने लगी । महान भाग्य से थोड़ी देर पश्चात् उसने आर्यिकाओं का संघ देखा । अत्यन्त उल्लसित होकर आनन्द पूर्वक वह आर्यिका माता की शरण में गई ।

अहो ! विषय-लोलुप संसार में जिसे कहीं शरण नहीं मिली, उसने वीतराग मार्गानुगामी साध्वी के पास शरण ली । उनके आश्रय में आँसू भरी आँखों से उसने अपनी बीती कहानी सुनायी उसे सुन कर भगवती माता ने वैराग्य पूर्वक उसे आश्वस्त किया और उसके शील की प्रशंसा की । भगवती माता के सान्निध्य में रह कर अनन्तमती शान्ति पूर्वक आत्म-साधना करने लगी ।

इधर चम्पापुरी में जब से अनन्तमती को विद्याधर उठा कर ले गया था, तब ही से उसके माता-पिता बहुत दु:खी थे । पुत्री के वियोग से खेद-खिन्न होकर मन को शान्त करने के लिए वे तीर्थ यात्रा करने निकले और यात्रा करते-करते तीर्थंकर भगवन्तों की जन्मभूमि अयोध्या नगरी में पहँचे । प्रियदत्त का साला (अनन्तमती का मामा) जिनदत्त सेठ यहीं रहता था । वहाँ उसके घर आने पर आँगन में एक सुन्दर रंगोली देख कर प्रियदत्त कहने लगे— "हमारी पुत्री अनन्तमती भी ऐसी ही रंगोली निकाला करती थी ।"

उन्हें अपनी प्रिय पुत्री की याद आई, उनकी आँखों से आँसुओं

ऐसा कहकर उस बालक को वही छोड़कर वह चली गई। इस बालक का नाम था वज्रकुमार, क्योंकि उसके हाथ पर वज्र का चिह्न था।



बस, उसी समय दिवाकर नाम के एक विद्याधर राजा तीर्थयात्रा करने निकले थे। जब मुनि महाराज को वन्दन करके जाने लगे तो उन्होंने गुफ़ा के बाहर ही एक अत्यन्त तेजस्वी बालक को पड़ा हुआ देखा। विद्याधर राजा की रानी ने उस बालक को एकदम उठा लिया और बड़े प्यार से उसे वे अपने साथ ले गये। उस वज्रकुमार बालक का पुत्र जैसा पालन-पोषण विद्याधर राजा के यहाँ होने लगा। **भाग्यवान जीवों को कोई न कोई निमित्त अवश्य ही मिल जाता है।**

वज्रकुमार के युवा होने पर वनवेगा नामक अत्यन्त सुन्दर विद्याधर कन्या के साथ उसकी शादी हुई। अपने बल पर उसने अनेक राजाओं को जीत लिया।

कुछ समय पश्चात् विद्याधर दिवाकर राजा की पत्नि को स्वयं का पुत्र हुआ। "अपने इस पुत्र को राज्य मिले" - ऐसी इच्छा से उस स्त्री को वज्रकुमार के प्रति द्वेष होने लगा।

एक बार तो वह यहाँ तक कह गई - "अरे यह किसका पुत्र है ? जो यहाँ आकर हमें परेशान कर रहा है।"

इस बात को सुनते ही वज्रकुमार का मन उदास हो गया। उसे ज्ञात हुआ कि उसके माता-पिता कोई और हैं। तब विद्याधर से उसने सम्पूर्ण हकीकत जान ली, तब उसे मालूम हुआ कि उसके पिता दीक्षा लेकर मुनि हो गये हैं। तुरन्त ही वह विमान में बैठ कर उन मुनिराज की खोज में निकल पड़ा।

एक दिन जब वज्रकुमार का विमान एक पर्वत के ऊपर से जा रहा था तो वहाँ उसने पर्वत की चाटी पर एक मुनिराज को ध्यान-साधना करते हुए देखा। उसने अपना विमान वहाँ उतारा तो देखता है कि वे सोमदत्त मुनिराज ही हैं। ध्यान में वराजमान सोमदत्त मुनिराज को देख कर वह बहुत प्रसन्न हुआ। इस विचित्र दुःखमय संसार के प्रति उसे वैराग्य हुआ। उसके मन में विचार आया कि अपने पिता से वारसा – हक्क में मुनि दीक्षा माँगनी चाहिये।

वज्रकुमार ने परम भक्ति से मुनिराज को वन्दन किया और कहा – "हे पूज्य देव मैं इस दुःखरूप संसार से घबराया हूँ। मैं जान गया हूँ कि इस संसार में आत्मा के अलावा कुछ भी अच्छा नहीं है। मैं सच्चे सुख की प्राप्ति करना चाहता हूँ, इसलिए आप मुझे मुनि-दीक्षा दीजिये।"

सोमदत्त मुनि ने उसकी परीक्षा करने के पहले तो उसे दीक्षा न लेने के लिए बहुत समझाया, परन्तु वज्रकुमार ने अपना दृढ़ शाखा निश्चय किया था, उसे देखकर और उसे निकटभव्य जानकर मुनिराज ने उसे मुनि-दीक्षा दे दी।

निर्ग्रन्थ वीतरागी साधु बन कर वे आत्मा के ज्ञान-ध्यान में रहने लगे। धर्म की प्रभावना करते हुए वे देश-विदेश में विहार करने निकले। एक बार उनके प्रताप से मथुरा नगरी में धर्म प्रभावना का एक अनोखा प्रसंग बना।

[ वहाँ क्या हुआ? यह जानने के लिए अपनी कहानी को मथुरा नगरी में ले जाना चाहिये ।]

मथुरा नगरी में एक गरीब अनाथ लड़की जूठन खाकर पेट भरती थी, उसे देख कर एक अवधिज्ञानी मुनि बोले— "देखो, कर्म की विचित्रता! यह लड़की कुछ वर्षों पश्चात् राजा की पटरानी बनेगी।"

मुनि की यह बात एक बौद्ध भिक्षुक ने सुनी और वे उसे अपने मठ में ले गये। इस लड़की का नाम बुद्धदासी रख कर वहीं उसका लालन-पालन होने लगा, उसे बौद्ध धर्म के संस्कार मिले।

आगे चल कर जब वह युवा हुई, तब उसका अत्यन्त सुन्दर रूप देखकर राजा मोहित हो गया और उसने उससे शादी करने की माँग की, परन्तु इस राजा की उर्मिला नाम की रानी थी, जो जिनधर्म का पालन करती थी।

तब मठ के लोगों ने कहा—"राजा स्वयं बौद्ध धर्म स्वीकार करें और बुद्धदासी को पटरानी बनायें। इस शर्त पर ही हम शादी करने की स्वीकृति देंगे।"

कामान्ध राजा ने बिना सोचे-समझे ही यह बात स्वीकार कर ली। अरे! धिक्कार हो इन पंचेन्द्रियों के विषयों को। कामान्ध जीव सच्चे धर्म से भी भ्रष्ट हो जाते हैं। पश्चात् एक दिन बुद्धदासी राजा की पटरानी बन गई। वह बौद्ध धर्म का बहुत प्रचार करने लगी।

इधर उर्मिला रानी जिनधर्म की परम भक्त थी। उसने हर साल की तरह इस साल भी अष्टाह्निका पर्व में जिनेन्द्र भगवान की बहुत

## श्री सकलकीर्ति श्रावकाचार : अध्याय ११

# सम्यक्त्व-महिमा

**हे वत्स ! तुम परम भक्ति से सम्यक्त्व को भजो !**

**श्री सकलकीर्ति श्रावकाचार के इस दोहन में सम्यक्त्व के आठ अंगों की कहानियाँ आपने पढ़ीं । अब उसके ग्यारहवें अध्याय में १०८ श्लोकों द्वारा सम्यक्त्व की परम महिमा बता कर उनकी आराधना करने की प्रेरणा दी जाती है, उसका दोहन आप पढ़ें ।**

वीतराग जिन-धर्म का सेवन छोड़ कर मिथ्या धर्म के सेवन से जो मूढ़ जीव आत्म-कल्याण की इच्छा करता है, वह कैसा है ? वह जीवन जीने के लिए जहर खाने वाले व्यक्ति के समान मूर्ख होता है।

बुद्धिमान अल्प क्षयोपशम ज्ञान को पाकर उसका मद नहीं करता। अरे, अंग-पूर्व के महान श्रुत-धारकों के सामने मेरे इस अल्प ज्ञान की क्या तुलना है ?

अरे, क्षणभर में नष्ट होने वाले इस शरीर बल का अभिमान क्यों?

विचित्र-अद्भुत सम्यग्दर्शन-कला के सामने लौकिक सुन्दर लेखनादि कला का अभिमान करना अशुभ है ।

जिस प्रकार मलिन दर्पण में मुँह नहीं दिखता, उसी प्रकार मोह से मलिन मिथ्या श्रद्धा में आत्मा का सच्चा रूप नहीं दिखता, मुक्ति का मुँह उसमें नहीं दिखता ।

जिस प्रकार निर्मल दर्पण में मनुष्य अपने रूप का अवलोकन करता है, उसी प्रकार उसके सम्यक्त्व रूपी निर्मल दर्पण में धर्मी जीव मुक्ति का मुँह देखता है, अपना सच्चा रूप देखता है ।

जिस प्रकार प्राण बिना शरीर को मृतक कहा जाता है, उसी प्रकार दृष्टि-हीन जीव को चलता हुआ मृतक कहा जाता है ।

सम्यक्त्व सहित जीव भले ही सिर्फ नमस्कार मन्त्र को जानता हो तो भी गौतमादि आचार्य उसे सम्यग्ज्ञानी कहते हैं और सम्यक्त्व बिना जीव ग्यारह अंगों को जानता हो तो भी उसे अज्ञानी कहते हैं।

अहो! यह सम्यग्दर्शन है, वह ज्ञान-चारित्र का बीज है, मुक्ति-सुख का दातार है, उपमा रहित अमूल्य है, इसलिए हे जीव ! तू इसे सुख पाने के लिए ग्रहण कर ।

जिन्होंने अपने सम्यक्त्व रत्न को स्वप्न में भी मलिन नहीं किया, वे जीव जगत में धन्य हैं, पूज्य हैं, वन्द्य हैं और उत्तम बुद्धिमानों से प्रशंसनीय हैं ।

दृष्टि-रत्न सहित जीव जहाँ जाता है, वहाँ अनेक महिमा युक्त और सर्व इन्द्रिय सुखों के बीच रहते हुए भी धर्म सहित रहता है और कल्याण परम्परा सहित तीन लोक को आश्चर्य करने वाले धर्म चक्र से शोभता है, अनन्त महिमा-युक्त, दर्शनीय और सुख की खान— ऐसी तीर्थंकर विभूति को भी वे उत्तम धर्मात्मा प्राप्त करते हैं ।

अधिक क्या कहें ? जगत में जितना सुख है, वह सब उत्कृष्टपने सम्यग्दृष्टि को प्राप्त होता है ।

**सम्यक्त्व है, वह सार है, वह समय का सर्वस्व है।**
**सिद्धान्त का जीवन वही, वह मोक्षगति का बीज है।।**
**विधि जान कर बहुमान से, आराधना सम्यक्त्व को।**
**सब सुक्ख ऐसे पाएगा, आश्चर्य होगा जगत को।।**

विधि पूर्वक उपासना करने से प्राप्त हुआ सम्यक्त्व ही समय का सर्वस्व है— सर्व शास्त्रों का सार है, समस्त सिद्धान्त का जीवन है— प्राण है और वही मोक्षगति का बीज है ।

शुद्ध सम्यक्त्व के आराधक धर्मात्मा को मोक्ष सुख प्राप्त होता है, अतः वहाँ स्वर्ग की क्या बात ?

## श्री सकलकीर्ति श्रावकाचार : अध्याय १२ से १६

# श्रावक की धर्मसाधना

### (पाँच अणुव्रतों का उदाहरण सहित वर्णन)

**जैन सद्गृहस्थ श्रावक का जीवन कैसे सुन्दर धार्मिक आचरण से शोभित होता है, उसका यह वर्णन है। उसके मूल कर्त्तव्य रूप सम्यक्त्व की महिमा तथा उसके लिए सच्चे देव-गुरु-शास्त्र के स्वरूप की पहचान कैसे होती है? –यह बताया जा चुका है। अब सम्यग्दर्शन होने के पश्चात् श्रावक के अहिंसादि व्रत कैसे होते हैं? उसका वर्णन तथा उदाहरण स्वरूप उनकी कहानियाँ भी आप यहाँ पढ़ना। श्री सकलकीर्ति श्रावकाचार (अध्याय १२ से १६) में से यह दोहन दिया है।**

**समकित सहित आचार ही संसार में इक सार है।**
**जिनने किया आचरण उनको नमन सौ-सौ बार है।।**
**उनके गुणों के कथन से गुण-ग्रहण करना चाहिये।**
**अरु पापियों का हाल सुन कर पाप तजना चाहिये।।**

सम्यग्दर्शन के बाद श्रावक के ग्यारह प्रतिमाओं रूप धर्म स्थानों में सर्वप्रथम दर्शन-प्रतिमा है। सम्यक्त्व सहित जिसने अतिचार रहित आठ मूलगुणों को धारण किया है और जिसे सात व्यसनों का त्याग है, उसे जिनेन्द्र देव दर्शन-प्रतिमा युक्त दार्शनिक श्रावक कहते हैं।

मद्य-माँस-मधु तथा पाँच उदुम्बर फलों का निरतिचार त्याग– ये अष्ट मूलगुण हैं। अण्डा भी पंचेन्द्रिय जीव का माँस ही है।

माँस को छोड़े बिना जो धर्म की इच्छा करता है, वह मूर्ख जीव आंख के बिना नाटक देखने के इच्छुक अन्धे के समान है।

रोगादि दूर करने के हेतु से भी जो मधु आदि का उपयोग करता है, वह जीव महापाप से नरकादि दुर्गति में जाता है ।

प्राणों का त्याग हो जाय तो भले हो जाय तथा चाहे जैसा दुष्काल होने पर भी असंख्य त्रस जीवों से भरे हुए पाँच उदुम्बर फलों का भक्षण करना उचित नहीं है । हे मित्र ! धर्म की प्राप्ति के लिए तू उन सभी का त्याग कर !

बारह व्रतों के मूल कारण आठ मूलगुण हैं और ये बारह व्रतों के पहले धारण किये जाते हैं, इसलिए इन्हें श्रावक के मूलगुण कहते हैं, ये स्वर्गादि के भी कारण हैं ।

द्यूत-क्रीड़ा, माँस, शराब, वेश्या, शिकार, चोरी, परस्त्री— इन सातों का सेवन महापाप रूप है और ये सात नरकों के सात द्वार हैं, इसलिए हे भाई ! इन सात पाप-व्यसनों को तू सर्वथा छोड़ दे ।

पाप-राजा ने अपना राज्य पक्का करने के लिए और अपने शत्रुओं का नाश करने के लिए सात व्यसन रूपी सेना रखी है । अतः "हे मुमुक्षु! तू उन्हें वश कर ! तेरे सम्यक्त्व और ज्ञान-वैराग्य के बल से उन्हें नाश कर दे। सम्यक्त्व रूपी सुदर्शन चक्र और आठ अंग तथा पाँच व्रत रूपी तेरी सेना से सप्त व्यसनों की सेना को नष्ट करके अष्ट मूलगुणों का धारक बन जा ।"

*बिना विवेक के श्रद्धा अंधी होती है। गुण-दोष का निर्णय करना विवेक का काम है। श्रद्धा का स्वभाव तो समर्पण का है, जिसके प्रति हो गई, उसके प्रति सर्वस्व समर्पण पर तुल जाती है। विवेकहीन श्रद्धा अस्थान या कुस्थान में लगे तब तो हानि करती ही है, यदि सुस्थान में भी लगे तो भी लाभ नहीं करती, क्योंकि सत्य-असत्य और गुण-दोष का निर्णय करना उसका काम नहीं है।*

**—सत्य की खोज, पृष्ठ ८१**

उपभोग के लिए भी चोरी का पाप करता है तो भी उस पाप का फल भोगने नरक में तो अकेला ही जाता है। जिसके लिए चोरी की, वह कुटुम्ब कोई साथ में नहीं जाता— इसे समझ कर हे भव्य ! तू विष समान पाप-क्लेश तथा अपयश के कारण रूप चोरी को छोड़.....। हरण करना छोड़ और सन्तोष पूर्वक अचौर्य व्रत का पालन कर। अरे ! दूसरों के द्वारा चुराये हुए धन को भी तू अपने घर में मत रख।

अचौर्य व्रत का पालन करने में वारिषेण राजपुत्र तो प्रसिद्ध हैं ही, तथापि चोरी करके दुर्गति में जाने वाले श्रीभूति पुरोहित का यहाँ व्याख्यान करना प्रसंगोचित होगा।

## श्रीभूति पुरोहित की कहानी:–

सिंहपुर नाम का सुन्दर नगर था। उसका राजा सिंहसेन था। सिंहसेन की रानी का नाम रामदत्ता था। राजा बुद्धिमान और धर्म-परायण था। रानी भी बड़ी चतुर थी। उस राज्य के पुरोहित का नाम श्रीभूति था।

श्रीभूति ने मायाचारी से अपने सम्बन्ध में यह बात प्रसिद्ध कर रखी थी कि मैं बड़ा सत्य बोलने वाला हूँ। बेचारे भोले लोग उस कपटी के विश्वास में आकर अनेक बार ठगे जाते थे, परन्तु उसके कपट का पता किसी को नहीं लग पाता था।

ऐसे ही एक दिन एक विदेशी उसके चंगुल में आ फँसा। उसका नाम समुद्रदत्त था। समुद्रदत्त की इच्छा व्यापरार्थ विदेश जाने की हुई। उसके पास बहुत कीमती रत्न थे। उसने श्रीभूति की प्रसिद्धि सुन रखी थी। इसलिए उसके पास वे पाँच रत्न रख कर वह व्यापारार्थ रत्नद्वीप के लिए रवाना हो गया। वहाँ कई दिनों तक ठहर कर उसने बहुत धन कमाया। जब वह वापिस लौट कर जहाज से अपने देश की ओर आ रहा था, तब पाप कर्म के उदय से उसका जहाज एक

बात असल में यह थी कि रानी ने पुरोहितजी की जीती हुई अँगूठी देकर दासी को पत्नि के पास समुद्रदत्त के रत्न लेने को भेजा, पर जब पुरोहितजी की पत्नि ने अंगूठी देख कर भी रत्न नहीं दिये, तब यज्ञोपवीत जीत लिया और उसे दासी के हाथ देकर फिर भेजा। अबकी बार रानी का मनोरथ सिद्ध हुआ । पुरोहितजी की पत्नि ने दासी की बातों से डर कर झटपट रत्नों को निकाल दासी के हवाले कर दिया । दासी ने रत्न लेकर रानी को दे दिये ।

रानी ने रत्न लेकर महाराज के सामने रख दिये । महाराज ने उसी समय श्रीभूति पुरोहित को गिरफ्तार करने की सिपाहियों को आज्ञा दी । बेचारे पुरोहितजी अभी महल के बाहर भी नहीं जा पाये थे कि सिपाहियों ने जाकर उनके हाथों में हथकड़ी डाल दी और उन्हें दरबार में लाकर उपस्थित कर दिया । राजा ने समुद्रदत्त को बुलाया और उससे उसके रत्नों को अन्य रत्नों के साथ पहचानने के लिए कहा। समुद्रदत्त ने अपने रत्न पहचान लिये ।

पुरोहितजी की ऐसी कपट नीति को देख कर महाराज बहुत क्रोधित हुए और उन्होंने पुरोहितजी के लिए तीन प्रकार की सजायें नियत कीं। उनमें से जिसे वह पसन्द करे, उसे स्वीकार करने को कहा। वे सजायें थीं— १. इसका सर्वस्व हरण कर लिया जाये तथा इसको देश-निकाला दे दिया जाय । २. पहलवानों के द्वारा बत्तीस मुक्के इस पर पड़ें । ३. थाली में भरे हुए गोबर को यह खा जाय ।

श्रीभूति ने मुक्के खाना पसन्द किया । लेकिन दस-पन्द्रह मुक्के खाने पर पुरोहितजी की अकल ठिकाने आ गई । वे एकदम चक्कर खाकर ऐसे गिरे कि उठे ही नहीं । महा आर्तध्यान से उनकी मृत्यु होने से वे दुर्गति में गये ।

इसलिए जो भव्य पुरुष हैं, उन्हें उचित है कि वे चोरी को अत्यन्त दुःख का कारण समझ कर उसका परित्याग करें और अपनी बुद्धि को पवित्र जिनधर्म की ओर लगावें, जो ऐसे महापापों से बचाने वाला है । ०

उसके शील का ऐसा प्रभाव देख कर सर्वत्र उसकी जय-जयकार होने लगी और उसका कलंक दूर हुआ ।

सागरदत्त ने भी प्रभावित होकर उससे क्षमा माँगी और जिनधर्म अंगीकार करके अपना हित किया ।

उसके बाद वह शीलवती नीली संसार से विरक्त होकर आर्यिका बनी...... राजगृही में समाधि-मरण किया, वहाँ आज भी एक स्थान 'नीलीबाई की गुफा' के नाम से प्रसिद्ध है और जगत को शील की महिमा बता रहा है ।

इसी प्रकार महासती सीताजी के शीलरत्न के प्रभाव से भी अग्निकुण्ड कमल का सरोवर बन गया था— यह कथा जगप्रसिद्ध है।

## सेठ सुदर्शन की कहानी :-

धर्मात्मा सेठ सुदर्शन की शीलव्रत में दृढ़ता भी जगत के लिए एक उदाहरण है । कामदेव जैसे उनके रूप पर मोहित हुई रानी ने उन्हें शील से विचलित करने के लिए उनके साथ नाना प्रकार की चेष्टायें की, उसमें सफल नहीं हुई तो सुदर्शन के ऊपर महान कलंक लगाया, परन्तु प्राणान्त जैसा उपसर्ग आने पर भी शील का मेरु सुदर्शन तो अचल ही रहा । अतीन्द्रिय भावना के अटूट किले में बैठ कर इन्द्रिय विषयों के प्रहारों से आत्मा की रक्षा की वाह, सुदर्शन........धन्य तेरा दर्शन ।

कामान्ध रानी ने क्रोधित होकर सुदर्शन के ऊपर अपना शील लूटने का भंयकर झूठा आरोप लगाया, परन्तु अडिग सुदर्शन को उसका क्या? वे तो वैराग्य भावना में मग्न थे और प्रतिज्ञा की थी कि यह उपसर्ग दूर होगा तो गृहवास छोड़ कर मुनि बन जाऊँगा ।

वैराग्य में लीन उन महात्मा को दुष्ट रानी के ऊपर क्रोध करने की अथवा अपना स्पष्टीकरण करने की फुर्सत भी कहाँ थी ? अत: रानी की बनावटी बात को सत्य मान कर राजा ने तो सुदर्शन को मौत की सजा दी ।

*शील की खातिर प्राणान्त का प्रसंग आये तो भले आये....।*

## 5

# परिग्रह-परिमाण व्रत

जगत को शान्ति देने वाले और स्वयं शान्त स्वरूप सोलहवें भगवान शान्तिनाथ को नमस्कार करता हूँ ।

जो बुद्धिमान श्रावक लोभ कषाय दूर करके सन्तोष पूर्वक परिग्रह की मर्यादा का नियम करता है, उसे पाँचवा परिग्रह-परिमाण व्रत होता है।

गृहस्थों को पाप का आरम्भ घटाने के लिए परिग्रह का परिमाण करना चाहिये । खेती, घर, धन, स्त्री, वस्त्र आदि सम्पत्ति ममत्व बढ़ाने वाली है तथा उससे त्रस-स्थावर अनेक जीवों की हिंसा होती है, इसलिए सन्तोष को सिद्ध करने हेतु और अहिंसा का पालन करने हेतु हे भव्य! परिग्रह की ममता घटा कर उसकी मर्यादा का नियम कर ।

लोभ में आकुलता है और सन्तोष में सुख है ।

सन्तोषी जीव जिस पदार्थ को चाहता है, वह तीन लोक में कहीं भी हो तो भी उसे प्राप्त हो जाता है । जिस प्रकार माँगने वाले को कभी अधिक धन नहीं मिलता, भिखारी को तो क्या मिले ? उसी प्रकार लोभ से अधिक द्रव्य की इच्छा करने वाले लोभी को इसकी प्राप्ति नहीं होती। निस्पृह जीवों को तो बिना माँगे धन का ढेर मिल जाता है ।

सन्तोष धारण करने वाले को धन वगैरह पुण्य योग से स्वयमेव आ जाता है । पुण्य के उदय अनुसार लक्ष्मी आती-जाती है, इसलिए हे जीव ! तू लोभ/तृष्णा छोड़ कर सन्तोष रूप अमृत का पान कर तथा शक्ति अनुसार दान आदि शुभ कार्य कर । लक्ष्मी पुण्य से आती है, बिना पुण्य के मात्र इच्छा करने से वह आती नहीं ।

जिसने चैतन्य की निज सम्पदा को जान कर बाहर की सम्पदा का मोह छोड़ा है— ऐसे धर्मात्मा को ही लोक में तीर्थंकर, चक्रवर्ती, इन्द्र आदि पदों की विभूति मिलती है ।

भार से दुःख ही देने वाला है । लोभ तो पाप को बढ़ाने वाला होने से निंद्य है और दानादि शुभ कार्य श्रावक के लिए प्रशंसनीय हैं ।

हे भव्य ! तू सम्यक्त्व के पश्चात् व्रतों को भी धारण कर । सर्व संग त्यागी मुनिपना न हो सके, तब तक देश-त्याग रूप व्रत तो अवश्य धारण कर ।

## राजा जयकुमार की कहानी :-

राजा श्रेयांस के भाई राजा सोम के पुत्र राजा जयकुमार इस परिग्रह-परिमाण व्रत का पालन करने में प्रसिद्ध हैं ।

राजा जयकुमार की सुलोचना नाम की सद्गुणी पत्नि थी । स्त्री सम्बन्धी परिग्रह परिमाण में उसे एक मात्र रानी सुलोचना के अलावा अन्य सभी स्त्रियों का त्याग था ।

एक बार इन्द्र सभा में सौधर्म इन्द्र ने उनके सन्तोष व्रत की प्रशंसा की, वह सुन कर एक देव उनकी परीक्षा करने आया । जिससमय वे कैलास पर्वत की यात्रा के लिए गये, उससमय उसने विद्याधरी का उत्तम रूप धारण करके जयकुमार को बहुत ललचाया और हाव-भाव प्रदर्शित करके अपने साथ क्रीड़ा करने के लिए जयकुमार को कहा ।

परन्तु जयकुमार जिसका नाम ! वह विषयों से पराजित कैसे हो? वे थोड़े भी नहीं ललचाये, परन्तु विरक्त भाव से उलटे उन्होंने उस विद्याधरी को उपदेश किया— "हे माता ! यह तुम्हें शोभा नहीं देता। मेरा एक-पत्निव्रत है, इसलिए सुलोचना के सिवा अन्य स्त्रियों का मुझे त्याग है । हे देवी ! तू भी विषय-वासना के इस दुष्ट परिणाम को छोड़ और शीलवती होकर पर-पुरुष के साथ रमण करने की अभिलाषा छोड़।"

ऐसा कह कर जयकुमार तो हृदय में तीर्थंकर भगवन्तों का स्मरण करके ध्यान में खड़े रहे । देवी ने नाना प्रकार के अनेक उपाय किये, फिर भी जयकुमार डिगे नहीं ।

व्रत में उनकी दृढ़ता देख कर अन्त में देव प्रसन्न हुआ और प्रगट होकर उनकी स्तुति करने लगा तथा उनका सम्मान किया । कुछ समय बाद जयकुमार संसार से विरक्त हुए और राजपाट छोड़ कर मुनि दीक्षा अंगीकार की, आत्मध्यान से केवलज्ञान प्रगट करके मोक्ष गये ।

इस प्रकार परिग्रह-परिमाण व्रत में प्रसिद्ध जयकुमार की कहानी बताई । अब व्रत रहित और तीव्र लोभ में लीन जीव कैसा दु:ख पाता है ? यह बताने के लिए लुब्धदत्त सेठ का उदाहरण कहता हूँ ।

## लोभी लुब्धदत्त की कहानी :-

लघुदत्त अथवा लुब्धदत्त नाम का एक अति लोभी मनुष्य धन कमाने के लिए परदेश में गया, वहाँ चोरों ने उसे लूट लिया । रास्ते में उसने एक ग्वाले के घर से छाछ माँग कर पी ली, उस छाछ में थोड़ा मक्खन देख कर उसने लोभवश विचार किया— हर रोज इस प्रकार छाछ माँग कर पिऊँगा और उसमें से जो मक्खन निकलेगा, उसे इकट्ठा करूँगा, बाद में उसका घी बनाकर उसका व्यापार करूँगा ।

ऐसा विचार करके छाछ माँग कर मक्खन इकट्ठा करने लगा। अब थोड़े दिन में उस लोभी के पास एक सेर घी इकट्ठा हो गया और वह इस विचार में चढ़ गया— "यह घी बेचकर अब मैं चीजें लेने-बेचने का धन्धा करूँगा, उससे लाखों रुपया कमाऊँगा, फिर राजा बनूँगा, फिर चक्रवर्ती होऊंगा, मेरी पटरानी प्रेम से मेरे पैर दबाने आयेगी, उस समय प्रेम से मैं उसे लात मारूँगा..."

ऐसी धुन में उसने लात मारने की चेष्टा की । वह घी के मटके को लग गयी, मटके से घी अग्नि में गिरते ही बहुत जोर की ज्वाला उठी और झोपड़ी में आग लग गई । उस तीव्र आग में तीव्र लोभ के आर्तध्यान सहित वह मर गया और दुर्गति में गया । रावण आदि भी परिग्रह की तीव्र लालसा लेकर नरक में गये ।

परिग्रह की तीव्र लालसा का ऐसा फल जान कर हे मित्र ! तू आरम्भ-परिग्रह की मर्यादा रखना । सम्यक्त्व के सर्व अंगों का तथा पाँच व्रतों का उत्साह पूर्वक पालन करना।

